(ख) क्या इनमें ऐसी संस्थाएं भी सम्मिलित हैं जो हिन्दी की शिक्षा दे रही हैं और हिन्दी में परीक्षाएं आयोजित कर रही है ; और

(ग) नालन्दा पाली प्रतिष्ठान और प्राकृत प्रतिष्ठान (वैशाली) को विश्वविद्यालय सदृश्य घोषित करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) सोलह ।

(ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

(ग) ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

उत्तर प्रदेश के गांवों में टेलीफोन सम्पर्क

589. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के पांच हजार से अधिक जनसंख्या वाले उन गांवों की संख्या क्या है जहां अभी भी टेलीफोन सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं ;

(ख) इन गांवों में सार्वजनिक टेलीफोन सुविधाएं कब तक उपलब्ध हो जायेंगी ; और

(ग) इस कार्य पर क्या अनुमानित लागत आने की सम्भावना है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सन्तोष मोहन देव) : (क) 12-3-87 की स्थिति के अनुसार 5000 अथवा इससे अधिक आबादी वाले 63 ग्रामों में टेलीफोन सुविधा उपलब्ध नहीं थी ।

(ख) इन स्थानों पर सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान इन स्थानों पर टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराए जाने की योजना है बशर्ते कि हमारे लिए सामग्री और वित्तीय संसाधन उपलब्ध हों।

(ग) परियोजना की अनुमानित लागत 80 लाख रुपये होगी ।

उत्तर प्रदेश में टेलीफोन केन्द्रों का इलेक्ट्रानिक केन्द्रों में बदला जाना

590. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश के प्रमुख नगरों के कितने टेलीफोन केन्द्र इलक्ट्रानिक्स केन्द्रों में बदल दिए जाने की संभावना है ; और

(ख) इसके फलस्वरूप उपभोक्ताओं की मांग किस सीमा तक पूरी हो जाने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सन्तोष मोहन देव) : (क) उत्तर प्रदेश के बड़े नगरों अर्थात्, कानपुर इलाहाबाद, गाजियाबाद और लखनऊ स्थित चार टेलीफोन एक्सचेंजों को सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान आंशिक रूप से इलेक्ट्रानिक एक्सचेंजों में बदले जाने की संभावना है।

(ख) नए उपभोक्ताओं को 4200 लाइनें प्रदान किए जाने की आशा है।

Sale of Banned Drugs in India

591. SHRI RAJNI RANJAN SAHU: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) the names of drugs and combination of one or more drugs being marketed in India which have been withdrawn in other countries;

(b) the names of the countries from where these drugs have been withdrawn along with reasons in each case;